E-mail: coecsjmuniversity@gmail.com

☎🖷: 0512-2246609
☎🖷: 0512-2246608

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि. / सी.ओ.ई. / 221 / 2025 दिनांक: 26 / 03 / 2025

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बन्धित सम्बद्ध महाविद्यालय,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,
कानपुर।

विषयः बी0एससी0 कृषि एवं एम0एससी0 कृषि के विषम सेमेस्टर की आन्तरिक व प्रायोगिक / मौखिक परीक्षाओं के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के बी0एससी0 कृषि प्रथम, तृतीय व पंचम सेमेस्टर एवं एम0एससी0 कृषि के प्रथम व तृतीय सेमेस्टर से सम्बन्धित आन्तरिक मूल्यांकन व प्रयोगात्मक / मौखिक की परीक्षाओं के अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड करने हेतु खुला हुआ है, परन्तु कतिपय महाविद्यालयों द्वारा आन्तरिक मूल्यांकन व प्रयोगात्मक / मौखिक की परीक्षाओं के अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड नहीं किये गये है।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि अन्तिम रूप से दिनांक 03.04.2025 तक आन्तरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक / मौखिक परीक्षा के अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करायें। उक्त निर्धारित तिथि तक जिन महाविद्यालयों द्वारा आन्तरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक / मौखिक परीक्षा के अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड नहीं किये जायेंगे, तो आन्तरिक एवं प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित (AA) करते हुए परीक्षार्थियों का परीक्षाफल घोषित कर दिया जाएगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय का स्वंय होगा।

प्राचार्य / प्राचार्या से यह भी अनुरोध है कि प्रायोगिक / मौखिक परीक्षा के अंक विश्वविद्यालय पोर्टल पर आन्तरिक / बाह्य परीक्षक की उपस्थिति में अपनी देख–रेख में ही अनिवार्य रूप से अपलोड कराया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(राकेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक
Vijay

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, सी0डी0सी0, सी0एस0जी0एम0वि0वि0, कानपुर।
2. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ प्रेषित।
3. वैय0 सहायक, कुलसचिव / वित्त अधिकारी।
4. पी0एम0यू0 सेल / प्रभारी, कोडिंग।
5. गार्ड फाइल।

26/3/25
(प्रेम चंद)
सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)
Vijay